# ग्रेटर निगम 1000 रु. में खरीदेगा ट्री गार्ड, हैरिटेज निगम में 2100 रु. चुकाने की तैयारी!

## इस मानसून हैरिटेज निगम 2.66 करोड़ में खरीदेगा 12700 ट्री गार्ड, जबकि ग्रेटर में 74 लाख की लागत से लिए जाएंगे 7400 ट्री गार्ड

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम की उद्यान शाखा इन दिनों चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए बेवजह करोड़ों रुपए उड़ा रही है। हैरिटेज निगम ने इस मानसून में लगाए जाने वाले पौधों की सुरक्षा के लिए 12700 ट्री गार्ड का टैंडर करीब 2.66 करोड़ रुपए में निकाला है, यानी कि 1 ट्री गार्ड करीब 2100 रुपए में खरीदा जाएगा।

ताज्जुब की बात यह है कि ग्रेटर निगम में भी 7400 ट्री गार्ड लिए जाने है, लेकिन इनकी अनुमानित लागत सिर्फ 74 लाख रुपए रखी गई है, यानी कि एक ट्री गार्ड सिर्फ 1000 रुपए में खरीदा जाएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि जयपुर के दोनों नगर निगम की उद्यान शाखा की कार्यशैली में इतना भारी अंतर क्यों है?

- **सूत्रों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन ने इस बार भी शर्त यह रखी है कि, जो फ़र्म इन टेंडरों में भाग लेगी, उसे पिछले तीन वर्षों में से किसी एक वर्ष में सरकारी विभाग, निगम और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में लोहे के ट्री गार्ड आपूर्ति का अनुभव होना चाहिए, जो कि इन टेंडरों की एक तिहाई राशि के बराबर होना चाहिए। जबकि ठेकेदारों का कहना है कि ट्री गार्ड की क्वालिटी देखने के बजाय अधिकारी बेवजह की शर्तें लगाकर चहेतों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं।**

सूत्रों की माने तो हेरिटेज नगर निगम की उद्यान शाखा ने पिछले दिनों हवामहल-आमेर और किशनपोल जोन के लिए 4000, आदर्श नगर के लिए 4500 और सिविल लाइन्स के लिए 4200 ट्री गार्ड खरीदने के लिए निविदा जारी की है। बताया जा रहा हैं कि इन कुल 12700 ट्री गार्ड की अनुमानित लागत करीब 2.66 करोड रुपए रखी गई है। हैरिटेज निगम प्रशासन ने ट्री गार्ड की जो साइज और ऊंचाई तय की है, जिसके अनुसार इसका वजन अनुमानित करीब 16-17 किलो होगा।

वहीं दूसरी ओर ग्रेटर नगर निगम ने जो 7500 ट्री गार्ड मांगे हैं, उनका अनुमानित वजन करीब 9 किलो होगा। खास बात यह है कि ग्रेटर निगम मात्र 1000 रुपए में ट्री गार्ड लेगा, जबकि हैरिटेज निगम करीब 2100 रुपए में।

सूत्रों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन ने इस बार भी अलग शर्त यह रखी है कि, जो फ़र्म इन टेंडरों में भाग लेगी, उसे पिछले तीन वर्षों में से किसी एक वर्ष में सरकारी विभाग, निगम और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में लोहे के ट्री गार्ड आपूर्ति का अनुभव होना चाहिए, जो कि इन टेंडरों की एक तिहाई राशि के बराबर होना चाहिए। जबकि ठेकेदारों का कहना है कि ट्री गार्ड की क्वालिटी देखने के बजाय अधिकारी बेवजह की शर्तें लगाकर चहेतों को फायदा पहुंचाना चाहते है।

चर्चाएं यह है कि अधिकारियों ने यह शर्त उन ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए रखी है जो पहले नगर निगम में ट्री गार्ड सप्लाई का काम कर चुके हैं। हैरिटेज सिटी कॉन्ट्रैक्टर्स सोसाइटी समेत करीब आधा दर्जन फर्मों ने इन शर्तों को लेकर निगम प्रशासन के समक्ष आपत्ति भी जताई थी, लेकिन अधिकारियों ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

सूत्रों की माने तो ग्रेटर और हैरिटेज निगम पिछले कई वर्षों से ट्री गार्ड की खरीद करता आ रहा है। हर साल करीब 15 से 20 हजार ट्री गार्ड लिए जाते हैं, लेकिन अगला मानसून आते आते यह ट्री गार्ड गायब हो जाते हैं। बताया जा रहा है कि पार्षदों के अनुशंसा पत्र पर पेड़ और ट्री गार्ड लगाए जाते हैं, लेकिन इनकी मॉनिटरिंग नहीं हो पाने के कारण इन ट्री-गार्ड का कोई अता-पता नहीं रहता। नियमानुसार उद्यान शाखा के अफसरों को बकायदा रजिस्टर में ट्री गार्ड की एंट्री करनी होती है, लेकिन पिछले कई सालों से यह काम भी बंद हैं।

## साइबर थाने की खिड़की से कूद कर अपराधी भागा

**जयपुर।** साइबर थाने से सोमवार देर रात एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। जानकारी के अनुसार साइबर ठगी के आरोप में साइबर थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। कमरे में पूछताछ के दौरान पुलिसकर्मी के बाहर आने पर बदमाश खिड़की से कूदकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दी। लेकिन उसका कोई पता नहीं लग सका। इस संबंध में पुलिस ने विधायकपुरी थाने में फरार बदमाश के खिलाफ पुलिस कस्टडी से भागने का मामला दर्ज करवाया है।

साइबर थानाधिकारी श्रवण कुमार ने बताया कि पुलिस कस्टडी से भागने वाला आरोपी दीपक सिंह (21) पुत्र राजेन्द्र सिंह खण्डार सवाई माधोपुर का रहने वाला है। साइबर थाने में दर्ज मामले में आरोपी दीपक सिंह के साइबर फ्रॉड के लिए फेक अकाउंट उपलब्ध करवाने का पता चला था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दबिश देकर आरोपी दीपक सिंह को रविवार शाम गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम ने सोमवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड लिया था।

# जयपुर में पीने के पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन

**जयपुर।** राजधानी में लोग पीने के पानी के लिए परेशान है। मंगलवार को दोपहर बाद चारदीवारी के पास स्थित बासबदनपुरा एरिया की खारवाल बस्ती की महिलाओं ने परेशान होकर बदनपुरा चौकी का घेराव कर दिया और रास्ते पर धरना देकर बैठ गईं।

- **महिलाओं ने सड़क पर धरना दिया**
- **बदनपुरा पुलिस चौकी का घेराव कर नारेबाजी की**

दरअसल, बासबदनपुरा में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई। यहां पीएचईडी की तरफ से टैंकर के जरिए ही पानी सप्लाई होता है। स्थानीय महिला शांति देवी ने बताया कि यहां करीब 100 से ज्यादा परिवार 50 साल से रह रहे हैं। यहां 50 साल से पानी की सप्लाई अब तक शुरू नहीं हुई। कुछ समय पहले सरकार ने यहां लाइन बिछाने का काम शुरू किया तो कुछ जगह लाइन डालने के बाद काम बंद कर दिया। आज भी यहां 100 से ज्यादा परिवार के लोग टैंकर से पानी भरकर अपना गुजर-बसर कर रहे है।

आज पानी की सप्लाई नहीं होने से परेशान महिलाएं दोपहर करीब 3 बजे धरने पर बैठ गईं। पुलिस चौकी की सामने दो दर्जन से ज्यादा महिलाएं और पुरूष चौकी के सामने रस्सी लेकर खड़े हो गए और रास्ता बंद कर दिया। इससे ट्रेफिक रूक गया। इस दौरान बारिश शुरू हो गई तो महिलाएं सड़क पर ही धरने पर बैठ गईं।

विरोध बढ़ता देख जेईएन सुरभि पुलिस चौकी पहुंची। उन्होंने प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आश्वासन दिया कि दो दिन का समय दे विभाग यहां दोबारा लाइन बिछाने का काम शुरू करवा देगा।

जेईएन ने बताया कि आप ही में से कुछ लोगों ने विरोध करके यहां काम कर रहे ठेकेदार के कर्मचारियों को भगा दिया था। जेईएन ने बताया कि इस कॉलोनी में 100 मीटर से ज्यादा लम्बाई में लाइन बिछाने का काम शुरू किया था, लेकिन 40 मीटर में लाइन बिछने के बाद लोगों ने ही काम बंद करवा दिया।

## डी-मार्ट से 1.80 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार झोटवाड़ा जोन की टीम द्वारा सिरसी रोड़ वार्ड नं. 48 स्थित निर्माणाधीन डी-मार्ट से 1 लाख 80 हजार रूपये का जुर्माना राशि वसूल किया।

उपायुक्त झोटवाड़ा जोन कमलेश मीना ने बताया कि सिरसी रोड़ वार्ड नं. 48 स्थित डी-मार्ट के निर्माणधीन भवन की निर्माण सामग्री सरकारी भूमि पर डालकर अस्थाई अतिक्रमण किये जाने पर नोटिस जारी किये गये।

नोटिस दिये जाने के बाद झोटवाड़ा जोन की संयुक्त टीम ने डी-मार्ट की निर्माणाधीन बिल्डिग के ठेकेदार और प्रतिनिधि से 1 लाख 80 हजार रूपये की जुर्माना राशि वसूल की।

# चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के चार बदमाश दबोचे

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के चार शातिर बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की दो पिकअप बरामद की है। साथ ही वारदात में रैकी दौरान प्रयुक्त बाइक भी जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम नीरज पाठक ने बताया कि विश्वकर्मा थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह के शातिर वाहन चोर नीरज कुमार निवासी हिंडौन सिटी जिला करौली हाल दौलतपुरा जयपुर,थानसिंह उर्फ थाना उर्फ पीयूष निवासी हिंडौन सिटी जिला करौली हाल दौलतपुरा जयपुर, पप्पू राम जाट निवासी सामोद जिला जयपुर ग्रामीण और कानाराम जाट निवासी सामोद जिला जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित दिन में अपनी बाइक पर सवार होकर विश्वकर्मा फैक्ट्री एरिया में घुमते है। इस दौरान फैक्ट्री एरिया में खडे वाहनों की रेकी करते थे। फैक्ट्री एरिया में जहां पर वाहन पार्किंग होती थी, उसके आस पास चाय की थड़ी पर बैठकर पुरी तरह से वाहन स्वामी-चालक व वाहन स्वामी की जानकारी करते है कि वाहन मालिक या चालक पर नजर रखते है। वाहन मालिक व चालक की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने के बाद चोर आस पास अपने स्थान पर जाकर खरीददार से वार्ता कर वाहन के बारे में अवगत करवाते थे। उससे मोल भाव कर वाहन खड़ा करने का स्थान पूछते थे। रात्रि में वापस आकर मौका देखकर वाहन को धक्का मारकर स्टार्ट कर मौके से रवाना होते थे।

## अपहरण और दुष्कर्म मामले में फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे दस हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दोस्त के साथ मिलकर नाबालिग का अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म किया था। पिछले छह महीने से अपने ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

- **आरोपी के खिलाफ पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम कार्यालय की ओर से दस हजार रुपए का इनाम रखा गया था।**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि हरमाडा थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपी अनिल रैगर (22) निवासी गांव पुनाना हरमाड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले छह महीने से पुलिस से बचने के लिए अपने छिपने के ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था। नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार अनिल रैगर के खिलाफ पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) कार्यालय की ओर से दस हजार रुपए का इनाम रखा गया था। जहां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म इनामी अनिल रैगर मोती डूंगरी इलाके में पहचान बदलकर रह रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर सूचना पर दबिश देकर आरोपी अनिल रैगर को धर-दबोचा।

सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं अशोक चौहान ने बताया कि हरमाड़ा थाने में दिसम्बर-2023 में 16 वर्षीय लड़की का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था कि आरोपी अनिल रैगर ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपहरण किया। दोनों आरोपियों ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया। अगले दिन घर पहुंचकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई थी। परिजनों ने साथ पहुंची नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज एक आरोपी को पकड़ लिया और वहीं पुलिस की लगातार दबिश देने का पता चलने पर आरोपी अनिल रैगर जयपुर से बाहर फरारी काट रहा था।

# हेरिटेज निगम ने वसूले 99 हजार रूपए, 150 किलो प्लास्टिक जब्त

**जयपुर।** हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए मंगलवार को 99 हजार 880 रूपए का कैरिंग चालान किया है। इस अभियान के संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें निगम की सीएसआई- एसआई टीम ने 36400 रूपए कैरिंग चार्ज, चालान प्रकोष्ठ ने 39000 रूपए और वॉच राइडर ने 24100 रूपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया, साथ ही 150 किलो प्लास्टिक भी जब्त की है। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। इसका उपयोग नहीं करना चाहिए।



हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया।

**सिंगल यूज प्लाास्टिक पर ग्रेटर की सख्त कार्यवाही :** नगर निगम ग्रेटर द्वारा 1 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दोषियों के विरूद्ध ग्रेटर क्षेत्र के सात जोनों में गठित टास्क फोर्स द्वारा निरीक्षण कर अब तक कुल 2 हजार से भी अधिक चालान काटे गये हैं तथा 1789 किलों से भी अधिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त किया गया हैं तथा 20 लाख 33 हजार रुपये से भी अधिक जुर्माना राशि वसूल की गई।

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषैध किया गया है। जिसकी अनुपालना में नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा 7 जोनों में टास्क फोर्स का गठन किया गया हैं। जिसके अन्तर्गत जोन उपायुक्त राजस्व अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, वार्ड सफाई निरीक्षक, कांस्टेबल की टीम गठित की गई हैं। जिनके द्वारा दिन प्रतिदिन सब्जी मण्डी, फल मण्डी, रेस्टोरेंट, होटल इत्यादि स्थानों पर निरीक्षण किये जाते हैं।

अबतक नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा 2 हजार से भी अधिक निरीक्षण किये गये हैं। तथा गठित टीमों द्वारा 2 हजार से भी अधिक चालान कर दोषियों से 20 लाख 33 हजार रूपयें जुर्माना राशि वसूल की हैं। उन्होंने बताया की प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में मैरिज गार्डन संचालकों, व्यापारिक मण्डल, स्कुल संचालक, स्ट्रीट वेण्डर, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ जन जागरूकता के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाईश की गई।

# प्रदेश में स्थापित होंगे हैल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर

**जयपुर।** जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य को होने वाले खतरों से बचाव के लिए प्रदेश में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र की राज्य शाखा एवं जयपुर में मेट्रोपॉलिटियन सर्विलांस यूनिट की स्थापना की जाएगी। इससे प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की जांच सुविधाएं सुलभ होंगी और जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों की सर्विलेंस, डेटा एनालिसिस, फीडबैक, आउटब्रेक, इन्वेस्टिगेशन एवं क्षमता संवर्द्धन में मदद मिलेगी।



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की अध्यक्षता में आयोजित नेशनल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज एण्ड ह्यूमन हैल्थ पर गठित गवर्निंग बॉडी कमेटी की पहली बैठक में आवश्यक निर्णय लिए गए।

- **एनपीसीसीएचएच पर गठित गवर्निंग बॉडी कमेटी की पहली बैठक**
- **एनसीडीसी की राज्य शाखा एवं मेट्रोपॉलिटियन सर्विलांस यूनिट की स्थापना की जाएगी।**
- **चिकित्सा संस्थानों के नए भवन होंगे ईको फ्रेंडली एवं एनर्जी एफिशियेंट**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की अध्यक्षता में मंगलवार को जयपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में आयोजित नेशनल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज एण्ड ह्यूमन हैल्थ पर गठित गवर्निंग बॉडी कमेटी की पहली बैठक में इस संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। खींवसर ने कहा कि आगामी समय में जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले दुष्प्रभावों का सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा। इसे देखते हुए हमें विभिन्न विभागों के समन्वय से एक प्रभावी योजना तैयार कर आगे बढ़ना होगा।

जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली आपदाओं एवं महामारी से निपटने के लिए प्रदेश में हैल्थ इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर भी स्थापित किया जाएगा। यह एक अत्याधुनिक सेन्टर होगा, जिसमें आपदा के दौरान स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं महामारी से सुरक्षा के लिए हाईटेक प्रबंध होंगे। चिकित्सा मंत्री ने इन संस्थानों की स्थापना के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों के नए भवनों का निर्माण ईको फ्रेंडली तकनीक से किया जाएगा। इनमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से बचाव के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों को एनर्जी एफिशियेंट बनाने एवं कार्बन उत्सर्जन कम करने के उद्देश्य से एनर्जी ऑडिट करवाने तथा सोलर पैनल स्थापित करने की योजना बनाने के निर्देश बैठक में दिए गए।

चिकित्सा मंत्री ने जलवायु परिवर्तन के कारण संवेदनशील वर्गों को चिन्हित कर रिस्क मैपिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के संचालन के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए सीएसआर पोर्टल तैयार किया जाए। साथ ही, आवश्यक वित्तीय प्रावधान के लिए केन्द्र सरकार को भी प्रस्ताव भिजवाया जाए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते की जाएं तथा स्टेट एक्शन प्लान, डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। आमजन को इन बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, शीतलहर, बाढ़, अतिवृष्टि, चक्रवात, सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं के कारण जल, वायरस, प्रदूषण से संबंधित बीमारियों का प्रभाव बढ़ रहा है। इन स्थितियों का मुकाबला करने के लिए चिकित्सा विभाग ने प्रोगेसिव सोच के साथ तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर प्रभावी रणनीति तैयार की गई है। जहां जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव सबसे अधिक सामने आ रहा है। इन स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक गतिविधियों का सघन संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले तीन बदमाश पकड़े

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर नकदी-मोबाइल चोरी करने वाले तीन वांटेड बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपितों ने चोरी किए मोबाइल से मालिक को वॉट्सएप चैट कर धमकाया था और मोबाइल में मिली फोटोज को वायरल करने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड की थी। फिलहाल पुलिस वांटेड बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर नकदी-मोबाइल चोरी करने के मामले में वांटेड बदमाश विशाल चौधरी (19) निवासी रेनवाल, हवाई सिंह मीणा (21) निवासी खण्डेला सीकर और राजेश सिंह (22) निवासी मालपुरा टोंक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शिवदासपुरा थाने के मुकदमों में वांटेड तीनों बदमाश हाथोज कालवाड़ में किराए से रहते हैं।

गौरतलब है कि 17 जून की रात एक मकान के बाहर खड़ी कार के शीशे तोड़कर उसमें रखा नगदी-मोबाइल बदमाश चोरी कर ले गए।

## सार-समाचार

### जयपुर ग्लो वॉक में विष्णु टांक का सम्मान



**जयपुर।** जयपुर की भागदौड़ की लाइफ में अपने स्वास्थ्य के लिए समय निकालना कोई बड़ी बात नहीं है। दूसरो को स्वास्थ्य के लिए जागरूक करना भी जरूरी समझा टांक ने। इसी में हर वक्त उन्हें सम्मान से नवाजा जाता है। जयपुर ग्लो वॉक में कांसिटेंट रनर ऑफ जयपुर से रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक का सम्मान किया गया। सम्मान विधायक गोपाल शर्मा और डिवाइन स्पोर्ट्स के अंशुल जैन ने प्रदान किए। दौड़ और हेल्थ के प्रति ऐसा जुनून हे की आज वह वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बन गए। टांक लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी हमेशा देते रहते हैं। शनिवार को जयपुर क्लब में जयपुर ग्लो वॉक का आयोजन में लोगो ने की वॉक। सभी ने स्वच्छता का संदेश की बात कही। विष्णु टांक को ट्रॉफी देकर सम्मान किया। जयपुर रनर्स अध्यक्ष प्रवीण जैन तिजारा, भावना पारीक, मुकेश मिश्रा रवि गोयंका, दीपक बागड़ा भी उपस्थित रहे। हर दिन रनिंग करने और शहरवासियों को भी रनिंग के लिए अवेयर करने का संकल्प लिया।

### मधुकर पारीक प्रदेश अध्यक्ष बने



**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की इकाई ट्रेंड नर्सेज़ एंड टीचर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मधुकर पारीक को नियुक्त किया गया। राजस्थान नर्सेज़ एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी एवं कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया की सरकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों में नर्सेज़ को संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। पारीक को जल्दी ही संगठन की राज्य स्तरीय एवं ज़िला स्तरीय कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिये। साथ ही बताया कि नर्सेज़ से संबंधित समस्याओं को सरकार के सभी स्तरों तक पहुँचाते हुए निवारण करवाया जाएगा। नियुक्ति में पूर्व डीन राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय नवीन पारीक उपस्थित रहे।

### दुपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चार दुपहिया वाहन बरामद किये है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर एक वाहन चोर मोहम्मद अबरार निवासी सीकर हाल सदर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से शास्त्री नगर और नाहरगढ़ थाना इलाके से चुराए गए चार दुपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वाहन चोर नशा करने का आदि है और सुनसान जगह पर रेकी करता है। रेकी करने के बाद मौका पाकर वाहन को चुरा कर ले जाता है। चोरी किए गए वाहन से नशा करने के बाद में शहर के अलग-अलग स्थानों पर घूमता है। जहां पेट्रोल खत्म होने पर वाहन वहीं खड़ा कर दूसरा वाहन चोरी कर चला जाता है।

### संतरी पानी लेने गया, बदमाश भागा

**जयपुर।** सिंधी कैम्प थाने से मंगलवार को पुलिस को चकमा देकर एक बदमाश फरार हो गया। बदमाश जसवंत रावत को पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार किया था। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान बदमाश ने पुलिस से खाने को कुछ सामान मांगा। इस पर पुलिस ने उसे खाने को दे दिया। खाने के बाद बदमाश ने संतरी से पानी मांगा। जैसे ही संतरी पानी के लिए अंदर गया और वैसे ही बदमाश थाने से भाग निकला। बदमाश के फरार होते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसकी तलाश शुरू की गई। लेकिन बदमाश का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाश जसवंत रावत की तलाश शुरू कर दी है।

### केन्द्र के बजट से एजुकेशन सेक्टर को हैं कई उम्मीदें : ऋषि अग्रवाल

**जयपुर,** (का.सं.)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में अंतरिम बजट 2024-25 पेश किया था। अब वह चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आम बजट पेश करने वाली है। इस बार आम जनता से उम्मीद है कि सरकार उनके हित में कई फैसले लेंगी। आगामी बजट से एजुकेशन सेक्टर को भी कई उम्मीदें हैं। एजुकेशन सेक्टर को उम्मीद है कि इस आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अहम घोषणा कर सकती हैं। चूंकि कोरोना महामारी के बाद एजुकेशन सिस्टम में बहुत बदलाव हुए हैं। कोविड-19 के बाद ऑनलाइन एजुकेशन को बढ़ावा मिला है। ऐसे में सरकार को डिजिटल उपकरणों और इंटरनेट की उपलब्धता बढ़ाने के लिए योजनाओं को प्रोत्साहन देना चाहिए। बजट में शिक्षक प्रशिक्षण और विकास के लिए भी प्रावधान किया जाना चाहिए। इसके लिए अध्यापकों को नए-नए तरीकों से पढ़ाने की ट्रेनिंग मिलनी चाहिए ताकि वे बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकें।

### सहमंत्री प्रशिक्षणार्थियों से हुई रूबरू



**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा आयोजित 64वाँ केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर में मंगलवार को सुबह अखिल भारतीय संगठन, क्रीडा भारती की सह मंत्री भारती ताई गणपूले ने महिला खिलाडियों से मूलाकात की। भारती ताई गणपूले ने यहां आयोजित शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्हें कड़ी महनत और लगन से खेलने के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि यदि उन्हे भविष्य में आगे बढना है तो लक्ष्य निर्धारित करें। इस अवसर पर क्रीडा भारती के सह संयोजक मेघ सिंह चौहान, प्रान्त मंत्री जयपुर प्रान्त कैलाश शर्मा, सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा राजस्थान विश्वविधालय डॉ. प्रतिभा सिंह रतनू, मातृ शक्ति प्रमुख शशि चाहर और पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी निर्मलेश माथुर भी उपस्थित थी।

### लोन दिलाने के नाम पर सात लाख ठगे

**जयपुर।** नाहरगढ्ढ थाना इलाके में लोन दिलाने के नाम पर एक युवक से सात लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गणगौरी बाजार निवासी दुर्गालाल ने मामला दर्ज करवाया कि लोन दिलाने का झांसा देकर खातून बैगम और शौकत अली ने उससे कई बार में सात लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद भी आरोपियों ने उसे लोन नहीं दिलवाया। आरोपी चौकडी तोपखाना में रहते है।